# Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of July – 2025

## No. IB/ETC/GZB/2025--25/07

❖ **- केस स्टडी -1**

| **दिनांक** | **लोको न० / शेड** | **गाड़ी न०** | **मंडल** |
|---|---|---|---|
| 25.06.2025 | 30138/GZB | 14524 | लखनऊ |
| UOR/**अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक : 25.06.2025 लोको स० 30138/GZB गाड़ी स० 14524 में गाड़ी कार्य के दौरान लोको क्रू द्वारा अनवांछित दुर्घटना को टालने के सम्बन्ध में। | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक 25.06.2025 को LPM/SLN एवं Sr.ALP/SLN , गाड़ी सं० 14524, लोको सं० 30138/GZB पर कार्यरत थे । गाड़ी संचालन के दौरान KEPR-HRPG के बीच में KM No. 873/08 डाउन लाइन पर जर्क महसूस हुया । Crew ने सर्तकता व सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत गाड़ी की स्पीड को कंट्रोल किया तथा HRPG स्टेशन पर ब्लाक सेक्शन को जाम करके 13:06 बजे लिखित मेमो दिया एवं Safety/CNL/PRC & Section/CNL को भी सूचित किया । सेक्शन के PWI ने साइट का निरीक्षण करने पर पाया कि बारिश के कारण वहां की मिट्टी का कटाव हो गया था । जिसके कारण बाद की गाड़ियों को 30 किमी/घंटे का काशन जारी करके चलाया गया। इस प्रकार crew ने अपनी ड्यूटी के प्रति सर्तकता व सूझबूझ दिखाकर एक संभावित दुर्घटना होने से बचाया । | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही** | -------------- | | |
| **टिप्पणी** | **अच्छा कार्य : उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि लोको पायलट एवं सहा० लोको पायलट अपनी ड्यूटी पर पूरी तरह से सजग थे और HRPG स्टेशन पर गाड़ी खड़ी करके लिखित मेमो देने से एक संभावित दुर्घटना से बचा जा सका ।** | | |

❖ केस स्टडी -2

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 18.06.2025 | --------- | 12392 | मुरादाबाद |
| UOR/**अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक :18.06.25 को गाड़ी स० 12392 में गाड़ी कार्य के दौरान आग/धुआं दिखाई देने पर क्रू द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही के सम्बन्ध में। | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक 18.06.2025 को लोको पायलट मेल एवं सहायक लोको पायलट मुख्यालय मुरादाबाद गाड़ी संख्या 12392 DN मुरादाबाद- लखनऊ खंड में कार्यरत थे। काकोरी-आलमनगर के मध्य न्यूट्रल सेक्शन पास करने के बाद चालक दल को मशीन रूम से कुछ जलने की गंध आयी। मशीन रूम चेक करने पर पाया की HOG कन्वर्टर न. 1 से तेजी से धुआँ निकल रहा था। चालक दल द्वारा तुरंत PANTO को लोअर करके आलमनगर स्टेशन (LKO मण्डल) पर गाड़ी को खड़ा किया गया तथा Fire Extinguisher का प्रयोग करके धुएं को बुझाया गया। चालक दल द्वारा तुरंत इसकी सूचना लखनऊ कंट्रोल, स्टेशन मास्टर व ट्रेन मैनेजर को दी गई। | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही** | --------------------- | | |
| **टिप्पणी** | **अच्छा कार्य : चालक दल की सूझबूझ व सतर्कतापूर्वक गाड़ी संचालन के कारण "सुरक्षित और समयबद्ध ट्रेन संचालन प्रदान करने में चालक दल द्वारा सराहनीय सेवा और महत्वपूर्ण योगदान दिया।** | | |

❖ केस स्टडी -3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 19.06.2025 | ----------- | 54336 | मुरादाबाद |
| UOR/**अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक 19.06.2025 को गाड़ी स० 54336 क्रू द्वारा बरती जाने वाली सतर्कता के सम्बन्ध में। | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक 19.06.2025 को लोको पायलट पैसेंजर एवं सहायक लोको पायलट मुख्यालय बालामऊ गाड़ी संख्या 54336 बालामऊ- उन्नाव खंड में कार्यरत थे। गाड़ी संख्या 54336 सफीपुर स्टेशन से 16:55 पर चलकर उगू हाल्ट (UGU HALT) पर पहुँचने वाली थी तभी चालक दल ने देखा कि ट्रैक के किनारे कुछ बच्चे जोर-जोर से चिल्लाकर तथा हाथ हिलाकर गाड़ी को रुकवाने की कोशिश कर रहे थे। चालक दल ने तुरंत इमरजेन्सी ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ा कर लिया। चालक दल ने जब उस जगह का निरीक्षण किया तो देखा कि रेलवे ट्रैक के नीचे की मिट्टी खिसक गयी थी। चालक दल द्वारा तुरंत इसकी सूचना मुरादाबाद कंट्रोल, स्टेशन मास्टर व ट्रेन मैनेजर को दी गई। इस प्रकार चालक दल द्वारा समय से इमरजेन्सी ब्रेक का प्रयोग करने के कारण एक गंभीर ट्रेन दुर्घटना को होने से बचाया गया। | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही** | ------------------- | | |
| **टिप्पणी** | **अच्छा कार्य : इस प्रकार चालक दल की "सूझबूझ व सतर्कतापूर्वक गाड़ी संचालन के कारण" सुरक्षित और समयबद्ध ट्रेन संचालन प्रदान करने में चालक दल ने सराहनीय सेवा और महत्वपूर्ण योगदान दिया।** | | |

❖ **केस स्टडी – 4**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 31.07.2025 | GZB/39473 | 12817 | दिल्ली |
| UOR/**अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक : 31.07.25 को लोको स० GZB/39473 गाड़ी स० 12817/15274 की punctuality एवं संरक्षा को बनाये रखने के लिए लोको पायलट शंटर द्वारा किये गए सराहनीय कार्य के सम्बन्ध में। | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक 31.07.2025 को, एलपीएस, मुख्यालय ANVT, में 10/18 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे थे। ऑन ड्यूटी सीसी ने उन्हें ट्रेन संख्या 12817 के आने वाले लोको संख्या 39473/GZB का चार्ज लेने के लिए कहा , जो स्टेशन से ट्रेन संख्या 15274 के लिए निर्धारित किया गया था। उपरोक्त लोको का चार्ज लेने के बाद, एलपीएस ने लोकोमोटिव के अंडर फ्रेम की जाँच की और पाया कि व्हील संख्या 9 के सेकेंडरी सस्पेंशन वर्टिकल डैम्पर का एक बोल्ट गायब था और दूसरा बोल्ट ढीला था। उन्होंने तुरंत ऑन ड्यूटी SSE/RS/ANVT को सूचित किया। मेंटेनेंस कर्मचारियों ने लोकोमोटिव की जाँच की और उसे ट्रेन संचालन के लिए फिट किया। लोकोमोटिव को ट्रेन संख्या 15274 में लगाया गया और ट्रेन बिना किसी देरी के ANVT से रवाना हुई। | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही** | ----------------------- | | |
| **टिप्पणी** | **अच्छा कार्य : LPS की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता ने न केवल इंजन की संभावित सेवाकालीन विफलता को टाला, बल्कि ट्रेन और उसके यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की।** | | |

❖ **केस स्टडी – 5**

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 070.72025. | GZB/30247 | 12015 | दिल्ली |
| UOR/**अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक : 07.07.2025 को लोको स० 30247/GZB गाड़ी स०12015 को होने वाली अनावश्यक समय हानि के सम्बन्ध में। | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक : 07.07.2025 को लोको स० 30247/GZB गाड़ी स०12015 का नयी दिल्ली से 06.10 बजे प्रस्थान हुआ। DEE स्टेशन से पहले न्यूट्रल सेक्शन आने पर जैसे ही लोको पायलट ने VCB ओपन किया , MR प्रेशर 7.0 kg/cm² से घटकर 5.5 kg/cm² पर आ गया और DDS पर low MR pressure का मैसेज आया। जिसके बाद लोको पायलट ने कंप्रेसर को मैन्युअली चलाया परन्तु MR प्रेशर 6.0 kg/cm² से अधिक नहीं बढ़ रहा था। उपरोक्त के कारण ट्रैक्शन नहीं आ पा रहा था। समय 06:33 मिनट पर गाड़ी फाउलिंग मार्क को साफ़ किये बिना खड़ी हो गयी। लोको पायलट ने TC/NDLS को उक्त विषय के बारे में सूचना दी। समय 06:34 मिनट पर जैसे ही प्रेशर 6.5 kg/cm² हुआ , गाड़ी को ट्रैक्शन देकर फाउलिंग मार्क को क्लियर किया गया। समय 06:51 मिनट पर MR प्रेशर 8.5 kg/cm² से अधिक होने पर DEE स्टेशन से गाड़ी का प्रस्थान हुआ। | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही** | न्यूट्रल सेक्शन पास करते समय जैसे ही 500 मीटर बोर्ड दिखाई दे। तुरंत BLCP स्विच को मैन्युअली ऑपरेट करके MR प्रेशर 8.0 kg/cm² से अधिक अवश्य बना ले। | | |
| **टिप्पणी** | 06:15 Hrs पर , DDS पर आये हुये मैसेज “MR Pressure Low” से स्पष्ट है कि VCB खोलने से पहले नियमानुसार MR प्रेशर को पूरा न करना और VCB खुलने के बाद कंप्रेसर का बंद होना साथ ही सम्भावना है कि प्रात: काल के समय यात्रियों द्वारा बायो टॉयलेट फ्लश के अत्यधिक प्रयोग के कारण FP के साथ MR प्रेशर का तेजी से ड्राप होना। उपरोक्त कारणों से ही संभवत: MR प्रेशर 6.0 Kg/cm² से कम था जिस कारण ट्रैक्शन लेना संभव नहीं हुआ। VCB बंद होने के बाद MR/BP /FP प्रेशर मेन्टेन किया गया।<br>**ख़राब कार्य : यदि लोको पायलट द्वारा न्यूट्रल सेक्शन से पहले MR प्रेशर 10.0 kg/cm² या उससे अधिक बना लिया गया होता तो गाड़ी को अनावश्यक समय हानि नहीं होती।** | | |

❖ **केस स्टडी** – 6

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 2025..07.07 | HWH /30557 | 12302 | दिल्ली |
| UOR/**अच्छे कार्य / फेलियर का विवरण** | दिनांक : 07.07.25 को लोको स० HWH /30557 गाड़ी स० 12302 को होने वाली समयहानि के सम्बन्ध में । | | |
| **लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग** | दिनांक : 07.07..2025 को लोको स० 30557/ HWH को नयी दिल्ली शेड से गाड़ी स० 12302 के लिए समय 13:50 मिनट पर SH-307 से ऑफर कराया I जिसके बाद राजधानी काम्प्लेक्स में समय 15:30 मिनट तक C&W रेड बोर्ड लगा हुआ था I समय 15:36 मिनट पर लोको ऑन ट्रेन हुआ I समय 16:38 पर RC वाशिंग लाइन न० 10 से PF-14 पर रेक आकर खडा हुआ I जिसके बाद आउट गोइंग लोको पायलट ने 16:42 पर सूचित किया की लोको में लोग बुक नहीं है I समय 16:50 मिनट पर सिगनल ऑफ हो गया I परन्तु Log Book न होने के कारण गाड़ी का प्रस्थान नहीं हो पाया I सिगनल एक बार फिर पुन: 17:02 मिनट पर ऑफ हुआ I उक्त घटना की सूचना CC Punctuality को दी गयी I उनके द्वारा ओल्ड ट्रिप शेड से लोको Log Book को मंगवाया गया I जिसके बाद समय 17:16 मिनट पर Log Book आने के पश्चात गाड़ी का प्रस्थान हुआ I | | |
| **TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही** | आउट पिट या शेड से लोको निकालते समय लोको की सम्पूर्ण जाँच जैसे सेफ्टी फिटिंग , सेफ्टी आइटम और सेफ्टी डिवाइस के साथ साथ Log Book एवं सभी सम्बंधित key लेना सुनिश्चित किया जाना चाहिए I | | |
| **टिप्पणी** | **ख़राब कार्य : LPS ने लोको का चार्ज लेते समय लोको Log Book की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की और बिना Log Book के लोको को शेड आउट कर दिया I** | | |

**अतिरिक्त आवश्यक सूचना :** अभी हाल ही में डीप बैटरी डिस्चार्ज का एक केस प्रकाश में आया है I जिसमे AGC डिविजन के क्रू द्वारा TKD यार्ड में वन्दे भारत एक्सप्रेस स० IC-2077 के रेक को यार्ड में स्टेबल करते समय निर्देशित नियमो का पालन नहीं किया गया (स्पष्ट निर्देश है की यदि रेक 1 दिन से ज्यादा डेड हालत रहता है तो DTC/NDTC कोच के अंडर फ्रेम में बैटरी बॉक्स के बगल में लगे बैटरी आइसोलेट स्विच को ऑफ कर दे ), फलस्वरूप रेक की बैटरी डिसचार्ज हो गयी I

**ट्रेन सेट -18 के रेक की बैटरी आइसोलेट स्विच को ऑफ करने का तरीका आगे दर्शाया गया है I**

सन्दर्भ: (i) Sr.DEE/RSO पत्र स० 230-Elect/RSO/Misc/2025, Date:14.08.25.

(ii) MD/D /Train set/RBC contract/186G, dated: 07.09.24.

(iii) M/s Medha letter No.MAE675UV2:ICF:4650:2024, date:23.08.2024.


## ANNEXURE-A

Following are the modalities to be followed by user railway based on the conditions as detailed below:

1. **IF THE TRAIN IS HALT FOR ONE DAY WITHOUT OHE SUPPLY :**


a) Measure the voltmeter **(BN voltage)** reading in the voltmeter provided in driver desk by operating Battery voltage test push button and record the reading in the log book.

PUSH BUTTON





DRIVER DESK

b) Switched OFF **"BATTERY SUPPLY ROTARY SWITCH"** located in **CRW panel** of **DTC**




CRW PANEL IN DTC




BATTERY SUPPLY ROTARY SWITCH

b) Switched OFF **"BATTERY SUPPLY ROTARY SWITCH"** located in **CRW panel** of **DTC**







BATTERY SUPPLY ROTARY SWITCH


CRW PANEL IN DTC

c) Ensure the voltmeter reading is **"Zero"** in the voltmeter provided in the driver desk and record the reading.




## II. IF THE TRAIN IS HALT FOR MORE THAN ONE DAY WITHOUT OHE SUPPLY :


**a)** Measure the voltmeter **(BN voltage)** reading in the voltmeter provided in driver desk by operating Battery voltage test push button and record the reading in the log book.




b) Switch OFF the " ***BATTERY ISOLATOR SWITCH*** " provided beside the battery box available in underframe of DTC and NDTC coaches




c) Ensure the voltmeter reading is "**Zero**" in the voltmeter provided in the driver desk and record the reading




III. <u>IF THE TRAIN IS HALT BUT BATTERY SUPPLY IS REQUIRED WITH OUT OHE:</u>


A. <u>DTC /DTC2 - COACH :</u>

The following MCBs which are to be operated


i. Switch off the RMPU Emergency Blower inverter DC input MCB's **(MCB.no 111-F09 & MCB.no 111-F19 )** located in RMPU control panel



ii. Switch off the Mono block pump inverter DC input MCB (**MCB.no 033-F16)** located at Endwall panel (**EWP-2 in the RMPU control panel side of DTC )**




iii. Switch off the Mono block pump inverter DC input MCB (**MCB.no 033-F16)** located at Endwall panel (**EWP-2 in the PRM toilet side of DTC2 )**




**II. OTHER COACH VARIANTS (MC/TC/NDTC/NDTC2/NDTC3)**


i. Switch off the RMPU Emergency Blower inverter DC input MCB's **(MCB.no 111-F09 & MCB.no 111-F19)** located at ECC panel of MC/TC/NDTC/NDTC2/NDTC3.



ii. Switch off the Mono block pump inverter DC input MCB **(MCB.no.033-F21)** located at Endwall panel (EWP-2 near Indian toilet side) for MC/TC/NDTC/NDTC3



iii. Switch off the Mono block pump inverter DC input MCB **(MCB.no.033-F21)** located at Endwall panel (EWP-2 near western toilet side) for NDTC2



(श्रीमती पूनम)
(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1 दिनांक – ......................

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत अभियंता/ ऑपरेशन/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण /जम्मू तवी- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।